**Practice paper (2023-24)**

**CLASS : 12th (Sr.Secondary)** **Code No.523** **SET : A**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | |

**अनुक्रमांक**

**हिंदी** **ऐच्छिक (Hindi Elective)**

**ACADEMIC / OPEN**

**समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक: 80**

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 9 तथा 11 प्रश्न हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नं. को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
- उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना / पन्ने न छोडें।
- उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।
- परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें। अनुक्रमांक के अतिरिक्त प्रश्न-पत्र पर कुछ भी न लिखें और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान न लगाएँ।

## सामान्य निर्देश:

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। तथापि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

(ii) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।

(iii) प्रत्येक खंड और प्रश्न के साथ आवश्यकतानुसार यथोचित 'निर्देश' दिए गए हैं।

(iv) प्रश्न के उपभागों को यथा संभव क्रमिक और एक स्थान पर लिखने का प्रयास किया जाए।

(v) शुद्ध, सटीक और तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा

विषयांतर की स्थिति में कम अथवा शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।

### खंड - क-

**प्रश्न-1.निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर लिखिए 1x5=5**

प्रकृति और मनुष्य का संबंध ऐतिहासिक दृष्टि से काफी बाद में शुरू हुआ, क्योंकि प्रकृति पहले से थी, मनुष्य बाद में आया। लेकिन अपने विकास के क्रम में मनुष्य ने शीघ्र ही प्रकृति पर अपनी इच्छा आरोपित करनी चाही। और तब से, संघर्ष और स्वीकृति का एक लोमहर्षक नाटक

Downloaded from cclchapter.com

मनुष्य और प्रकृति के बीच चला आ रहा है। आज भी मनुष्य प्रकृति का ही पुत्र है। जन्म, जीवन, यौवन, जरा, मरण आदि अपनी अनेक स्थितियों में वह आज भी प्राकृतिक नियमों से मुक्त नहीं हो सका है।

इसके बावजूद निरंतर उसकी चेष्टा यही रही है कि वह ज्ञान-विज्ञान की अपनी सामूहिक उद्यमशीलता के बल पर प्रकृति को पूर्णतः अपने वश में कर ले। यह इतिहास मनुष्य की विजय और प्रगति का इतिहास है। या उसकी पराजय और दुर्गति का इसे वह स्वयं भी ठीक-ठीक नहीं समझ सका है। पर जिसे हम मनुष्य की जयगाथा कहकर पुलकित हो रहे हैं, वह असल में मनुष्य की पराजय और उसके आत्महनन की गाथा है।

(1)मनुष्य ने अपने विकास के लिए किस पर अपनी इच्छा जताई?

क) मनुष्य पर। ख) प्रकृति पर।

ग) अपने पुत्र पर घ) इतिहास पर

(2)मनुष्य क्या ठीक-ठीक नहीं समझ सका है?

क) विजय और प्रगति ख) पराजय और दुर्गति

ग) क और ख दोनों सही हैं।

घ) क और ख दोनों गलत हैं।

3) प्रकृति और मनुष्य में पहले कौन आया?

क) दोनों एक साथ। ख) प्रकृति पहले

ग) बात नहीं सकते। घ) मनुष्य

4) मनुष्य ने किसके बल पर प्रकृति को वश में कर लिया?

क) इच्छा केबल पर

ख) विज्ञान के उद्यमशीलता के बल पर

ग) इतिहास के बल पर।

घ) नियमों के बल पर

5) मनुष्य प्राकृतिक नियमों से किस स्थिति में मुक्त नहीं हो पाया है?

क)जन्म। ख) जीवन।

ग)यौवन,जरा। घ) उपयुक्त सभी

**प्रश्न-2 निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 1x5=5**

सुख-दुख मुस्काना नीरज से रहना, वीरों की माता हूँ वीरों की बहना।
मैं वीर नारी हूँ साहस की बेटी,मातृभूमि रक्षा को वीर सजा देती

आकुल अंतर की पीर राष्ट्र हेतु सहना, वीरों की माता हूँ वीरों की बहना।
जीवन भर मुस्काए भारत का अँगना, वीरों की माता हूँ वीरों की बहना।

Downloaded from cclchapter.com

राष्ट्र-भूमि मेरी,कोटि-कोटि वीर पूत द्वार-द्वार देरी
जीवन भर मुस्काए भारत का अंगना, वीरों के माता हूं वीरों की बहना

1 सुख दुख में मुस्कुराते हुए कैसे रहना चाहिए?

(क) धीरज

(ख) धीर

(ग) शीर

(घ) वीर

2- आकुल अंतर की पीड़ा किसके लिए सहनी चाहिए।

(क) राष्ट्र

(ख) समाज

(ग) जाति

(घ) धर्म

3 मातृभूमि जन्मभूमि..-----------मेरी उपयुक्त शब्द खालीस्थान में भरिए

(क) देवभूमि

(ख) गांव भूमि

(ग) शहर भूमि

(घ) राष्ट्रभूमि

4 भारत का अंगना कब तक मुस्कुराए?

(क) जीवन भर

(ख) उम्र भर

(ग) मुट्ठी भर

(घ) पल भर

5 माता के लिए पर्यायवाची छांटिए।

(क) जननी

(ख) दादी

(ग) नानी

(घ) बुआ

## खंड -ख

**प्रश्न-3 निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए: 1x10=10**

(1)चौधरी साहब के बारे में कौन-सा कथन सत्य नहीं है?

(क) चौधरी साहब के लंबे-लंबे बाल कंधों पर बिखरे रहतेथे।

Downloaded from cclchapter.com

(ख) उनकी प्रत्येक अदा से रियासत, तबीयतदारी और अमीरी झलकती थी ।

(ग) उनके संवाद् बहुत रोचक और रसीले होते थे।

(घ) वे नौकरी के साथ भेदभाव करते थे।

(2) पिछले समय में राजदूतों की लड़कियाँ वर कैसे चुनती थीं?

(क) शादी समारोह के द्वारा

(ख) रूप और यश सुनकर स्वयंवर के द्वारा

(ग) विशाल भोज को आयोजित करके

(घ) इनमें से कोई नहीं

(3)लेखक के अनुसार संवदिया कहाँ से बनकर आता है?

(क) घर-परिवार से

(ख) भगवान के यहाँ से

(ग) अज्ञात स्थान से

(घ) पत्रकारिता से

(4)लेखक ने किनके साथ बिताए क्षणों का शब्द चित्र प्रस्तुत किया है ?

(क) परिवार के साथ

(ख) मित्रों के साथ

(ग) गांधी, नेहरू व अराफ़ात के साथ

(घ) शास्त्री, इंदिरा व पटेल के साथ

(5) शेर किसका समर्थन करता है?

(क) द्वेष और घृणा का

(ख) हिंसा और अशांति का

(ग) अन्याय और अनाचार का

(घ) अहिंसा और सह-अस्तित्ववाद का

(6) विस्थापन की एक लहर क्यों आई थी?

(क) विद्युत गृहों के बनने से

(ख) रिहंद बाँध बनने से

(ग) जंगलों की कटाई से

(घ) बाढ़ आने से

(7) सिंगरौली की घाटी और जंगलों पर किन का आक्रमण शुरू हो गया?

(क) कॉपोरेशन के लोगों का

(ख) किसानों का

(ग) ठेकेदारों, वन अधिकारियों और सरकारी कारिंदों का

(ङ) सभी विकल्प सही हैं।

(8)संभव को किस बात का अफ़सोस हुआ?

(क) रास्ते को समझकर न आने का

(ख) पैसे लेकर न आने का

Downloaded from cclchapter.com

(ग) चढ़ावा खरीदकर न लाने का

(घ) प्रेमिका का नाम पूछकर न आने

(9) कुटज के वृक्ष संस्कृत के किस महान महाकवि के काम आए?

(क) बाणभट्ट

(ख) भवभूति

(ग) कालिदास

(घ) चरक

(10) यक्ष कहाँ निर्वासित जीवन जी रहा था?

(क) रामागिरी पर (ख) नीलगिरि पर

(ग) अरावली पर (घ) चित्रकूट पर

**प्रश्न-4निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए: 1x5= 5**

वृद्ध महाशय ने उसके सिर पर हाथ फेरकर आशीर्वाद दिया और कहा कि जो तू इनाम माँगे वही दे। बालक कुछ सोचने लगा। पिता और अध्यापक इस चिंता में लगे कि देखें यह पढ़ाई का पुतला कौन-सी पुस्तक माँगता है। बालक के मुख पर विलक्षण रंगों का परिवर्तन हो रहा था, हृदय में कृत्रिम और स्वाभाविक भावों की लड़ाई की झलक आँखों में दीख रही थी। कुछ खाँसकर, गला साफ़ कर नकली परदे के हट जाने पर स्वयं विस्मित होकर बालक ने धीरे से कहा, 'लड्डू' पिता और अध्यापक निराश हो गए। इतने समय तक मेरा श्वास घुट रहा था। अब मैंने सुख से साँस भरी। उन सबने बालक की प्रवृत्तियों का गला घोंटने में कुछ उठा नहीं रखा था। पर बालक बच गया। उसके बचने की आशा है क्योंकि वह 'लड्डू' की पुकार जीवित वृक्ष के हरे पत्तों का मधुर मर्मर था, परे काठ की अलमारी की सिर दुखाने वाली खड़खड़ाहट नहीं ।

(1)"उसके सिर पर हाथ फेरकर आशीर्वाद दिया" में उसके किसके लिए प्रयोग हुआ है?

(क) अध्यापक के लिए

(ख) प्रधानाचार्य के लिए

(ग) प्रधानाचार्य के पुत्र के लिए

(घ) महाशय के इकलौते पोते के लिए।

2) पिता और अध्यापक को क्या चिंता होने लगी?

(क) बालक कौन-सी मिठाई माँग बैठे।

(ख) प्रधानाचार्य का बेटा कौन-सा इनाम माँग पड़े।

(ग) पढ़ाई का पुतला कौन-सी पुस्तक माँग बैठे।

(घ) महाशय कौन-सा प्रश्न पूछ बैठे।

3) बालक में स्वाभाविक भावों की लड़ाई कहाँ दिख रही थी?

(क) चेहरों में

(ख) आँखों में

Downloaded from cclchapter.com

(ग) मस्तक में

(घ) नाक में

4) पिता और अध्यापक निराश क्यों हो गए?

(क) बालक के इनाम माँगने पर

(ख) बालक के खिलौने माँगने पर

(ग) बालक के लड्डू माँगने पर

(घ) बालक के अचानक भाग जाने पर

5) “पर बालक बच गया।” से लेखक का क्या आशय है?

(क) बालक का आत्मविश्वास टूट गया।

(ख) बालक का विश्वास बढ़ गया।

(ग) बालक की उम्र बढ़ गई।

(घ) बालक का बचपन बच गया।

**प्रश्न-5निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 2×2=4**

(क) 'प्रेमघन की स्मृति छाया' में निसंदेह शब्द को लेकर लेखक ने किस प्रसंग का जिक्र किया है?

(ख) बड़ी बहुरिया अपने मायके संदेश क्यों भेजना चाहती थी?

(ग) प्रकृति के कारण विस्थापन और औद्योगीकरण के कारण विस्थापन में क्या अंतर है?

**प्रश्न-6 निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए: 1X10=10**

1. देवसेना की हृदय की वेदना सजीव बनाकर किसके माध्यम से व्यक्त हुई?

   क) शब्दों के माध्यम से

   ख) पक्षियों के माध्यम से

   ग) पत्रों के माध्यम से

   घ) ये सभी विकल्प

2. बारहमासा में रानी नागमती किसके वियोग में व्यथित है?

   क) राजा रत्नसेन

   ख) राजा बिसल देव

   ग) राजा परमल

   घ) राजा उदय सिंह

3. बनारस कविता में किस परिवेश का चित्रण हुआ है?

   क) सांस्कृतिक सामाजिक

   ख) प्राकृतिक

   ग) आधुनिक

   घ) पुरातन

Downloaded from cclchapter.com

4. भरत के सभी अनर्थों का मूल किस मान रहे हैं?
   - क) खुद को
   - ख) कैकेयी को
   - ग) सुमित्रा को
   - घ) सुमंत को

5. नायिका राधा पुष्प से भरे उद्यान को देखकर कृष्ण के वियोग में क्या करती हैं?
   - क) खुशी से उछलने लगती है
   - ख) उंगलियों से कान बंद कर लेती है।
   - ग) विररह के कारण रोने लगते है।
   - घ) सखी पर चिल्लाने लगती है।

6. सांसारिक लोक विषमता के कारण कैसा अनुभव कर रहे हैं?
   - क) विजित
   - ख) निराश और पराजित
   - ग) खुशहाल
   - घ) निहाल

7. कवि को कार्यालय में बसंत आगमन का कैसे ज्ञान हुआ?
   - क) पेड़ पर पक्षियों का कलरव सुनकर।
   - ख) आम के पेड़ पर बौर देखकर।
   - ग) कैलेंडर देख कर
   - घ) इनमें से कोई नहीं

8. घाट पर बैठे बंदरों की क्या दशा है?
   - क) आंखों में विचित्र से नमी दिखाई देती है।
   - ख) मुंह पिचकाए समाधिस्थ दिखाई देते हैं।
   - ग) उछल कूद का तांडव कर रहे हैं।
   - घ) चंचलता का भाव दिखाई दे रहा है

9. मन में ऊब होने से क्या होगा?
   - क) रचना नहीं होगी
   - ख) आधी रचना होगी
   - ग) अच्छी रचना होगी
   - घ) अधूरी रचना होगी

10. कवि ने बनारस को किसका शहर माना है?
   - क) श्रद्धा
   - ख) भक्ति
   - ग) आस्था

Downloaded from cclchapter.com

घ) ये सभी विकल्प

**प्रश्न-7 निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए:6x1=6**

भूपति मरनपेमपनु राखी। जननी कुंमतीजबतूसबु साखी ||
देखी न जाहि विकल महतारी । जरहिदूसह जर पुर नरनारी ||
महीं सकल अनस्थ कर मूला । सो सुनिसमुझिसहिउँ सब सूला ||
सुनि बन गवन कीन्हरघुनाथा। करि मुनि वेष लखनसिय साथा ||
बिन पानाहिन्हपयादेहि पाएँ। संकरुसाखिरहेऊऐहि घाए ||

**अथवा**

के पतिआलएजाएत रे मोरापिअतम पास। हिएनहिसहएअसह दुःख रे भेल साओनमास्।
एकसरि भवन पिआबिनु रे मोहिरहलो न जाए। सखि अनकर दुःख दारुन रे जग के पतिआए।
मोर मन हरि हर लए गेल रे अपनो मन गेल । गोकुल तेजिमधुपुर बस रे कनअपजसलेल॥
विद्यापति कवि गाओल रे धनिधरु मन आस। आओततोर मन भावन रे एहि कातिक मास ॥

**प्रश्न-8 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 2x2=4**

(क) सरोज के नव वधु रूप का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए?
(ख) कवि ने आशा को बावली क्यों कहा है?
(ग) बसंत आया कविता में कवि की चिंता क्या है? उसका प्रतिपादय् लिखिए?

## खंड. ग

**प्रश्न-9 'अंतराल (भाग - 2)' के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन के उत्तर दीजिए: 2×3=6**

(क)सूरदास जगधर से अपनी आर्थिक हानि को गुप्त क्यों रखना चाहता था?
(ख) कोइयां किसे कहते हैं? उसकी विशेषताएं बताइए।
(ग) धरती का वातावरण गरम क्यों हो रहा है? इसमें यूरोप और अमेरिका की क्या भूमिका है?
(घ) गरमी और लू से बचने के उपायों का विवरण दीजिए।

## खंड - घ

**प्रश्न-10 'अभिव्यक्ति और माध्यम' के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**

(क) **1x4=4**

(i) भारत में पहला छापाखाना कब और कहाँ खुला ?
(ii) फ्रीलांसर पत्रकार किसे कहते हैं?
(iii) बीट रिपोर्टिंग से क्या अभिप्राय है?
(iv) भारत की पहली साइट किसे कहा जाता है।

Downloaded from cclchapter.com

(ख) **3X2=6**

(i) विशेष लेखन किसे कहते हैं? इसके प्रमुख क्षेत्र कौन से हैं?

(ii) नाटक में चित्रित पात्र कैसे होने चाहिए?

(ग ) 1 नए और अप्रत्याशित विषयों पर लेखन में क्या-क्या बाधाएं आती हैं? **5**

**अथवा**

2 नाटक और कहानी में क्या-क्या असमानताएँ हैं?

## खंड-ङ.

**प्रश्न-11 'नैतिक शिक्षा' के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 2x5=10**

(क) सनातन धर्म से क्या अभिप्राय है?

(ख) हेमू ने आदिलशाह के राज्य की सुरक्षा किन-किन विद्रोहियों से की?

(ग) अस्वच्छता से क्या- क्या हानियाँ हैं?

(घ) बल्लभ भाई पटेल के जीवन से हमें क्या शिक्षा मिलती है ?

(ङ.) गीता से हमें क्या शिक्षा मिलती है?

Downloaded from cclchapter.com